# SAMPLE PAPER

International Olympiad Foundation

EXCELLENCE IN EDUCATION
International Olympiad Foundation

| 14+ | MCQ | 0 |
|---|---|---|
| OLYMPIADS | FORMAT | NEGATIVE MARKS |

OLYMPIAD
## Hindi Olympiad
International Olympiad Foundation (IOF) · www.iof.education

| CLASS / GRADE | SUBJECT | DURATION | MAX MARKS |
|---|---|---|---|
| Class 9 | IFHO | 60 Min | 50 |

### GENERAL INSTRUCTIONS

- All questions are Multiple Choice Questions (MCQs) with options A, B, C, D, E
- Each correct answer carries 1 mark. No negative marking for wrong answers.
- Rough work should be done separately. Do not write on question paper.

### PAPER HIGHLIGHTS

- **Multiple Choice Questions (MCQ)**
  Five options per question (A, B, C, D, E). Select the single most appropriate answer.
- **No Negative Marking**
  1 mark per correct answer. Zero deductions — attempt every question.
- **Conducted by IOF**
  International Olympiad Foundation — fostering excellence among students across India.

SUBJECTS: Cyber · English · Entrepreneurship · Mathematics · Commerce · Economics · GK & Current Affairs · Science · Western Music · Sanskrit · Indian Music · Hindi · Reasoning & Aptitude · Spell Talent

### ALL IOF OLYMPIAD PROGRAMMES

- IFCO — International Foundation Cyber Olympiad
- IFEO — International Foundation English Olympiad
- IFEnO — International Foundation Entrepreneurship Olympiad
- IFMO — International Foundation Mathematics Olympiad
- ICSI — Institute of Company Secretaries of India Commerce Olympiad
- IFEcO — International Foundation Economics Olympiad
- IFGCO — International Foundation General Knowledge & Current Affairs Olympiad
- IFSO — International Foundation Science Olympiad
- IFWMuO — International Foundation Western Music Olympiad
- IFSaO — International Foundation Sanskrit Olympiad
- IFIMuO — International Foundation Indian Music Olympiad
- IFHO — International Foundation Hindi Olympiad
- IFRAO — International Foundation Reasoning & Aptitude Olympiad
- IFSTO — International Foundation Spell Talent Olympiad

© International Olympiad Foundation (IOF) · All Rights Reserved

**Q1.** इनमें से कौन - सा व्यंजन `अल्प प्राण ` है? [+1] [-0]

A. ख

B. थ

C. च

D. फ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q2.** भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई किसे माना जाता है? [+1] [-0]

A. लिपि को

B. व्याकरण को

C. वर्णमाला को

D. शब्द को

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q3.** `परमार्थ ` का संधि - विच्छेद क्या है? [+1] [-0]

A. परम + अर्थ

B. पर + अर्थ

C. पर + आर्थ

D. परमो + अर्थ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q4.** अधिलिखित काव्यांश में निहित अलंकार बताइए – [+1] [-0]

देख लो साकेत नगरी है यही,

स्वर्ग से मिलने गगन को जा रही ।

A. अतिशयोक्ति अलंकार

B. श्लेष अलंकार

C. रूपक अलंकार

D. अन्योक्ति अलंकार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q5.** इनमें से कौन - सा उष्म व्यंजन नहीं है? [+1] [-0]

A. श

B. ष

C. ग

D. स

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q6.** शब्द - प्रकार के आधार पर `मनुष्यता ` शब्दों का कौन - सा भेद है ? [+1] [-0]

A. गुणवाचक विशेषण

B. जातिवाचक संज्ञा

C. भाववाचक संज्ञा

D. प्रेरणार्थक क्रिया

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q7.** ` वे भ्रष्टाचार के प्रबल विरोधी थे ।` वाक्य में सर्वनाम का कौन - सा प्रकार है? [+1] [-0]

A. सम्बन्धवाचक सर्वनाम

B. निश्चयवाचक सर्वनाम

C. निजवाचक सर्वनाम

D. पुरुषवाचक सर्वनाम

E. कोई विकल्प सही नहीं है

**Q8.** `राम भोजन करके सो गया। ` इस वाक्य में कौन - सी क्रिया निहित है? [+1] [-0]

A. नाम बोधक क्रिया

B. पूर्वकालिक क्रिया

C. सहायक क्रिया

D. यौगिक क्रिया

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q9.** सारे जहाँ से...................................। [+1] [-0]

उपरोक्त काव्यांश के आगे कौन - सा चिन्ह प्रयुक्त है?

A. विस्तार चिन्ह

B. प्रश्न चिन्ह

C. योजक चिन्ह

D. कोष्ठक चिन्ह

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q10.** ` स्वास्थ्य ` का उचित वर्ण - विच्छेद कौन - सा है? [+1] [-0]

A. स्व + स्थ्य

B. स् + व् + आ + स्+ थ् + य् + अ

C. स्वा + स्थ्य

D. स्व + अस्थ्य

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q11.** हिंदी में प्रयुक्त शब्द ` बाल्टी ` शब्द भंडार की दृष्टि से किस तरह का शब्द है ? [+1] [-0]

A. तत्सम शब्द

B. तद्भव शब्द

C. देशज शब्द

D. विदेशज शब्द

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q12.** निम्न में से कौन - सा भूतकाल के भेद में नहीं आता है? [+1] [-0]

A. संभाव्य भूतकाल

B. अपूर्ण भूतकाल

C. पूर्ण भूतकाल

D. सामान्य भूतकाल

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q13.** ` गिरीश ` का पर्यायवाची शब्द कौन - सा है? [+1] [-0]

A. सरोज

B. सलिला

C. धरणीधर

D. तटिनी

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q14.** ` शैव ` किसे कहते हैं? [+1] [-0]

A. जो शक्ति की उपासना करता है।

B. जो शिव की उपासना करता है।

C. जो विष्णु की उपासना करता है ।

D. जो किसी की उपासना नहीं करता है।

E. कोई विकल्प सही नहीं है

**Q15.** किसी संस्था के 25 वर्ष होने पर होने वाले उत्सव के लिए कौन - सा उपयुक्त शब्द है ? [+1] [-0]

A. हीरक जयंती

B. रजत जयंती

C. शताब्दी

D. स्वर्ण जयंती

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q16.** महाप्राण ध्वनियाँ व्यंजन - वर्ग में किससे सम्बन्धित हैं? [+1] [-0]

A. पहला, दूसरा

B. दूसरा, तीसरा

C. दूसरा, चौथा

D. पहला, चौथा

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q17.** ` ठीक समय पर आ जाना ` में कौन - सा कारक है? [+1] [-0]

A. कर्म कारक

B. करण कारक

C. सम्प्रदान कारक

D. अधिकरण कारक

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q18.** ` अन्धेर नगरी ` मुहावरे का क्या अर्थ है? [+1] [-0]

A. राज्य विहीन स्थान

B. अन्याय की जगह

C. जहाँ अन्धेरा हो

D. सुनसान जगह

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q19.** ` जिस समास में प्रथम पद संख्यावाची तथा अन्तिम पद संज्ञा हो, वह कौन - सा समास है? [+1] [-0]

A. द्वन्द्व समास

B. तत्पुरुष समास

C. द्विगु समास

D. अव्ययीभाव समास

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q20.** निम्न में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए - [+1] [-0]

A. गाय की पूँछ होती है ।

B. उसकी बेटी हुई ?

C. गोपाल की लड़का हुआ।

D. मर्द में दाढ़ी होती है ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q21.** ` कंचन एक कृशांगिनी युवती है।` इस वाक्य में कौन - सी अशुद्धि है? [+1] [-0]

A. शब्द चयन सम्बन्धी अशुद्धि

B. वर्तनीगत अशुद्धि

C. व्याकरण की अशुद्धि

D. शब्द - निर्माण की अशुद्धि

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q22.** ' मैं वहाँ होकर आया हूँ '। इस वाक्य में ` अव्यय ` शब्द कौन सा है ? [+1] [-0]

A. मैं

B. वहाँ

C. होकर

D. हूँ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q23.** ` बैठक ` शब्द में कौन - सा प्रत्यय है? [+1] [-0]

A. बै

B. बैठ

C. अक

D. क

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q24.** ` अनुकरण ` में कौन - सा उपसर्ग है? [+1] [-0]

A. अन

B. करण

C. अ

D. अनु

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q25.** इन पंक्तियों में कौन - सा अलंकार है? [+1] [-0]

` चारू चंद्र की चंचल किरणें, खेल रही हैं जल - थल में ।`

A. यमक अलंकार

B. उपमा अलंकार

C. अनुप्रास अलंकार

D. श्लेष अलंकार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q26.** व्याकरण में `काल ` का क्या अर्थ है? [+1] [-0]

A. अन्त

B. समय

C. पीड़ा

D. मृत्यु

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q27.** भाषा में एक से अधिक वर्णों के मेल को क्या कहते हैं? [+1] [-0]

A. शब्द

B. स्वर

C. व्यंजन

D. अनुस्वार

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q28.** सही 'अर्थवाला ' 'समश्रुत अर्थवाला' शब्द - युग्म कौन - सा है? [+1] [-0]

A. आकर - आकार → खान - आकृति

B. कुल - कूल → वंश - शीतल

C. निर्जर - निर्झर → शून्य - झरना

D. शर - सर → बाण - भला आदमी

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q29.** ` बिनु गोपाल बैरनि भई कुंजै।` इस पंक्ति में कौन - सा रस निहित है? [+1] [-0]

A. वियोग श्रृंगार रस

B. वीर रस

C. शांत रस

D. वात्सल्य रस

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q30.** ` माँ सोती है ।` इस वाक्य को भूत काल में बदलिए - [+1] [-0]

A. माँ सोएगी ।

B. माँ सोती थी ।

C. माँ सोने वाली है।

D. माँ सो रही है।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q31.** ` अब पढ़कर क्या होगा? ` इस वाक्य में कौन - सी क्रिया है? [+1] [-0]

A. पूर्वकालिक क्रिया

B. द्विकर्मक क्रिया

C. प्रेरणार्थक क्रिया

D. संयुक्त क्रिया

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q32.** ` कोरियन ` भाषा की लिपि क्या है? [+1] [-0]

A. जापानी

B. रोमन

C. फ़ारसी

D. हंगुल

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q33.** ` तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं ` में कौन - सा अलंकार प्रयुक्त है? [+1] [-0]

A. अनुप्रास अलंकार

B. श्लेष अलंकार

C. यमक अलंकार

D. अन्योक्ति अलंकार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q34.** रस - निरूपण के प्रथम व्याख्याता कौन हैं? [+1] [-0]

A. भरत मुनि

B. दंडी

C. भामह

D. भट्ट लोल्लट

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q35.** ` प्रच्छन्न ` शब्द का ` विलोम शब्द `क्या है? [+1] [-0]

A. प्रत्यक्ष

B. प्रतिपन्न

C. अप्रतिबद्ध

D. गौण

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q36.** `अपहरण ' शब्द में कौन - सा उपसर्ग प्रयुक्त है? [+1] [-0]

A. हरण

B. अ

C. रण

D. अप

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q37.** ` धड़ाक ` शब्द में कौन - सा प्रत्यय है? [+1] [-0]

A. अक

B. आक

C. अप

D. ओंक

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q38.** ` जो कर्ज़ न चुकाने वाला हो ` के लिए उपयुक्त शब्द कौन - सा है ? [+1] [-0]

A. नादी हंद

B. आदि खंड

C. नादिहंद

D. प्रचंड

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q39.** ` आसमान से गिरा खजूर पर अटका।` इस लोकोक्ति का क्या अर्थ है? [+1] [-0]

A. बाधा - मुक्त होना

B. एक नई मुसीबत में पड़ना

C. मुसीबत में मुसीबत

D. मुसीबत में किसी का सहारा मिलना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q40.** निम्नलिखित में से कौन – सा वाक्य अशुद्ध है ? [+1] [-0]

A. यह एक गम्भीर समस्या है।

B. मुझे बड़ी भूख लगी हैं ।

C. मैंने राम से सुना ।

D. वह घर गया ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q41-45.** अधोलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए - **[+1] [-0]**

शिक्षा को वैज्ञानिक और प्राविधिक मूलाधार देकर हमने जहाँ भौतिक परिवेश को पूर्णतया परिवर्तित कर दिया है और जीवन को अप्रत्याशित गतिशीलता दे दी है, वहाँ साहित्य,कला,धर्म और दर्शन को अपनी चेतना से बहिष्कृत कर मानव विकास को एकांगी बना दिया है। पिछली शताब्दी में विकास के सूत्र प्रकृति के हाथ से निकलकर मनुष्य के हाथ में पहुँच गए हैं, विज्ञान के हाथ में पहुँच गए हैं और इस बन्द गली में पहुँचने का अर्थ मानव जाति का नाश भी हो सकता है । इसलिए नैतिक और आत्मिक मूल्यों को साथ - साथ विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे विज्ञान हमारे लिए भस्मासुर का हाथ न बन जाए । व्यक्ति की क्षुद्रता यदि राष्ट्र की क्षुद्रता बन जाती है , तो विज्ञान भस्मासुर बन जाता है । इस सत्य को प्रत्येक क्षण सामने रखकर ही अणु विस्फोट को मानव प्रेम और लोकहित की मर्यादा दे सकेंगे । अपरिसीम भौतिक शक्तियों का स्वामी मानव आज अपने व्यक्तित्व के प्रति आस्थावान नहीं है और प्रत्येक क्षण अपने अस्तित्व के सम्बन्ध में शंकाग्रस्त है ।

**Q41:** आज का मानव अपने व्यक्तित्व और अस्तित्व के प्रति क्यों शंकालु है? [+1] [-0]

A. मानव ईश्वर के प्रति आस्थावान नहीं है ।

B. वह सीमित भौतिक शक्तियों का स्वामी है ।

C. वह विज्ञान की विध्वंसक शक्तियों से भयभीत है ।

D. उसका आत्मविश्वास लुप्त होता जा रहा है।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q42:** हमारी विज्ञानाधृत शिक्षा की महत्त्वपूर्ण देन क्या है? [+1] [-0]

A. जीवन का अपरिसीम भौतिक विकास ।

B. जीवन का सर्वांगीण विकास।

C. जीवन का एकांगी विकास।

D. गतिशील जीवन का प्रत्यावर्तन ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q43:** मानव जीवन को भस्मासुर बनने से कौन रोक सकता है? [+1] [-0]

A. भौतिक जीवन मूल्यों का निर्धारण करके ।

B. नैतिक - आत्मिक मूल्यों को विकसित करके ।

C. प्रकृति जगत का पूर्ण स्वामित्व प्राप्त करके ।

D. मानव सभ्यता का विनाश करके

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q44:** आधुनिक मानव विकास को सर्वांगीण क्यों नहीं कहा जा सकता? [+1] [-0]

A. विकास के सूत्र मानव के हाथ में हैं।

B. भौतिक परिवेश पूर्णतया परिवर्तित हो गया है ।

C. साहित्य, धर्म, कला , आदि मानव चेतना से निर्वासित हैं ।

D. जीवन में आशातीत गतिशीलता का समावेश नहीं हुआ ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q45:** ` नैतिक ` शब्द का ` विलोम शब्द ` क्या है ? [+1] [-0]

A. नियमित

B. साप्ताहिक

C. मासिक

D. अनैतिक

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q46-50.** अधोलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए - **[+1] [-0]**

आएगा क्या समय, समय जो टला जा रहा ।

देखो जीवन व्यर्थ, तुम्हारा चला जा रहा ।।

वीरों की भाँति, खड़े हो जाओ अब भी।

करके कुछ जग बीच, बड़े हो जाओ अब भी।।

उद्योगी को कहाँ नहीं, सुसमय मिल पाता ।

समय नष्ट कर, नहीं कोई सुख पाता।।

आलस ही है करा रहा, ये सभी बहाने ।

जो करना हो करो अभी, कल क्या होगा जाने ।।

**Q46:** उपर्युक्त पद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए - [+1] [-0]

A. वीर बनो

B. उद्यम करो

C. समय की पहचान

D. आलसी बनो

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q47:** समय नष्ट कर देने से क्या मिलता है? [+1] [-0]

A. सुख

B. आनंद

C. दुःख

D. पुरस्कार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q48:** आलसी व्यक्ति सदैव क्या करता है? [+1] [-0]

A. कर्म

B. धर्म

C. उद्यम

D. बहाने

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q49:** ` परिश्रमी ` का विलोम शब्द क्या है ? [+1] [-0]

A. मेहनती

B. उद्यमी

C. आलसी

D. नालायक

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q50:** ` सुसमय ` का समानार्थक शब्द क्या है ? [+1] [-0]

A. अच्छा समय

B. बुरा समय

C. कुसमय

D. विस्मय

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

INTERNATIONAL OLYMPIAD FOUNDATION (IOF)

# ANSWER KEY

Hindi Olympiad
www.iof.education

| CLASS / GRADE | SUBJECT | TOTAL QUESTIONS | MAX MARKS |
|---|---|---|---|
| Class 9 | IFHO | 50 | 50 |

ANSWER SHEET — 50 QUESTIONS

| Q01–Q10 | ANS | Q11–Q20 | ANS | Q21–Q30 | ANS | Q31–Q40 | ANS | Q41–Q50 | ANS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Q01 | C | Q11 | D | Q21 | A | Q31 | A | Q41 | C |
| Q02 | D | Q12 | A | Q22 | B | Q32 | D | Q42 | A |
| Q03 | A | Q13 | C | Q23 | D | Q33 | C | Q43 | B |
| Q04 | A | Q14 | B | Q24 | D | Q34 | A | Q44 | C |
| Q05 | C | Q15 | B | Q25 | C | Q35 | A | Q45 | D |
| Q06 | C | Q16 | C | Q26 | B | Q36 | D | Q46 | C |
| Q07 | D | Q17 | D | Q27 | A | Q37 | B | Q47 | C |
| Q08 | B | Q18 | B | Q28 | A | Q38 | C | Q48 | D |
| Q09 | A | Q19 | C | Q29 | A | Q39 | B | Q49 | C |
| Q10 | B | Q20 | A | Q30 | B | Q40 | B | Q50 | A |

◆ ALL IOF OLYMPIAD PROGRAMMES ◆

IFCO International Foundation Cyber Olympiad
IFEO International Foundation English Olympiad
IFEnO International Foundation Entrepreneurship Olympiad
IFMO International Foundation Mathematics Olympiad
ICSI Institute of Company Secretaries of India Commerce Olympiad
IFEcO International Foundation Economics Olympiad
IFGCO International Foundation General Knowledge & Current Affairs Olympiad
IFSO International Foundation Science Olympiad
IFWMuO International Foundation Western Music Olympiad
IFSaO International Foundation Sanskrit Olympiad
IFIMuO International Foundation Indian Music Olympiad
IFHO International Foundation Hindi Olympiad
IFRAO International Foundation Reasoning & Aptitude Olympiad
IFSTO International Foundation Spell Talent Olympiad